# विधायक चंदरसिंह सिसोदिया पहुंचे गांव बस्ती चौपाल



**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंदसौर जिले में भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान निरंतर जारी है।

गांव चलो बस्ती चलो अभियान के इस क्रम में गरोठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंदरसिंह सिसोदिया क्षेत्र के बरखेड़ा गंगासा, गुराड़िया नरसिंह और सांठखेड़ा में तथा भाजपा दलौदा मंडल में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक सिसोदिया गांव चलो अभियान के अंतर्गत नांदवेल, बेहपुर, निंबोद, सरसोद, आक्या पहुंचे, जहां केंद्रीय एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क कर संवाद किया एवं उपस्थित सभी वरिष्ठ जन का सम्मान किया एवं कदम आश्रम बेहपुर में स्वच्छता अभियान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित सेन ने भी संबोधित किया।

अभियान में पूर्व मंडल अध्यक्ष गण विकास सुराणा, चंद्रशेखर मंडलोई, रमेश धाकड़ फतेह सिंह आंजना, नंदकिशोर माली, मंडल महामंत्री विनोद धनोतिया, कन्हैयालाल बामनिया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष हेमंत धनोतिया, मोर्चा अध्यक्ष भवानी सिंह सिसोदिया, विजय तातेड, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप धाकड़, दशरथ बैरागी, प्रदीप शर्मा, घनश्याम कुमावत, मांगीलाल कुमावत, शिवनारायण पटेल ,गोविंद सिंह देवड़ा, महेंद्र सिंह देवड़ा, अजय शर्मा ,ईश्वर लाल धनगर, अंशुल मेहता, पिंटू बना ,गोपाल चौहान, राजेंद्र सिंह शक्तावत, कन्हैयालाल धनगर, जगदीश शर्मा ,मदनपाटीदार ,बाबूलाल टॉक, हरिनारायण शर्मा, सुबोध जोशी, दीपक बैरागी, देवेंद्र सिंह पवार, परशुराम कुमावत, राजपाल सिसोदिया, लक्ष्मीकांत हटीला, मोहनलाल सूर्यवंशी, संतोष धनगर, अमृतलाल माली, सरपंच विनोद माली, परमानंद माली, जाहिरात सिंह सिसोदिया, एवं सभी पदाधिकारी वरिष्ठ जन की उपस्थिति में गांव चलो अभियान के अंतर्गत संपर्क किया एवं योजनाओं से लाभान्वित होने वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ चौपाल पर बैठकर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। केंद्र की माननीय नरेन्द्र मोदी की सरकार और मध्य प्रदेश की माननीय डॉ मोहन यादव की सरकार ने जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है जिसमें किसान कल्याण के लिए किसान सम्मान, समर्थन मूल्य, उज्वल योजना, आवास योजना, लाडली बहना योजना, मुद्रा लोन योजना, खेत तलाव योजना के बारे में जानकारी देते हुवे बताया कि डबल इंजन की सरकार की उपलब्धिओ को बताया और कहा कि राम राज्य की परिकल्पना करते हुए ग्रामीण सड़क योजना, ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल, जी राम जी योजना, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत की बात कही उन्होंने बताया कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने चार जाति बनाकर कार्य कर रही है किसान युवा महिला गरीब कल्याण के लिए दिन रात कार्य कर रही। हमें इस अभियान के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक अवश्य पहुंचना चाहिए।

गांव चलो अभियान में मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता, भाजपा बूथ कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भारत सरकार का नारी शक्ति वंदन अधिनियम स्वागत योग्य, यह महिला सशक्तिकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम : भारती पाटीदार



**मंदसौर।** भारत सरकार का नारी शक्ति वंदन अधिनियम स्वागत योग्य फैसला है। इससे अब महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक क्षेत्र में भी सशक्त होगी और यह कानून महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उक्त बात कहते हुए मंदसौर नगर पालिका परिषद में वार्ड क्रं 39 की पार्षद और जिला योजना समिति सदस्य श्रीमती भारती पाटीदार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बिल को पास करने के लिए देश के नेतृत्वकर्ता हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानति श्रीनिवासन, मप्र महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा जी पाटीदार, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह जी सिसौदिया, जिलाध्यक्ष राजेश जी दीक्षित, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला जी गुप्ता, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी जी गुर्जर सहित सभी विधायकगणों एवं जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद जिन्होने इस महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माने जाने बिल को पास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिला सेन समाज द्वारा सेनजी महाराज और बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास से मनाएंगे



**मंदसौर।** संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज की 726वीं एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती को लेकर जिले भर के सेन समाज में उत्साह का माहौल है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल 2026 को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला सेन समाज के अध्यक्ष बलराम राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को सायं 5 बजे मंदसौर के कैलाश मार्ग पर जिला स्तरीय सेनजी महाराज जयंती समारोह एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में महापुरुषों की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिन गांवों में पूर्व से सेनजी महाराज की जयंती मनाई जाती रही है, वहां अधिकाधिक संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। वहीं, जिन क्षेत्रों में अभी तक इस प्रकार के आयोजन नहीं होते थे, वहां भी इस वर्ष से जयंती मनाने की पहल की जाएगी। श्री राठौर ने कहा कि संत शिरोमणि सेनजी महाराज एवं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया और समाज को नई दिशा प्रदान की। ऐसे महापुरुषों को हर स्तर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करना हम सभी का दायित्व है। जिला अध्यक्ष बलराम राठौर 14 अप्रैल को प्रात: 8=30 बजे पिपलियामंडी, 10 बजे बु?ा, 11=30 बजे बिशनिया तथा दोपहर 3 बजे मंदसौर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



## युवराज की स्मृति में सेवा का संकल्प...

**मंदसौर।** कहते हैं इंसान दुनिया से चला जाता है, लेकिन उसके द्वारा किए गए नेक कार्य उसे सदैव जीवित रखते हैं। ग्राम सुरी के पाटीदार परिवार ने अपने ला?ले चिरंजीव स्व. युवराज पाटीदार की स्मृति को सेवा कार्यों के माध्यम से अमर कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों पूर्व एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में युवराज पाटीदार (सुपुत्र महेश पाटीदार एवं पौत्र राधेश्याम जी पाटीदार) का असामयिक निधन हो गया। इस अपार दुख के बीच भी परिवार ने समाज सेवा का मार्ग चुना। युवराज की पावन स्मृति में ग्राम के मंदिर परिसर में एक वाटर कूलर भेंट किया गया है।

पाटीदार परिवार की इस पहल से मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध होगा। पास ही स्थित स्कूल के बच्चों को भी अब पीने के लिए ठंडे पानी की सुविधा मिल सकेगी। स्व. युवराज पाटीदार की याद में केवल मानव सेवा ही नहीं, बल्कि मूक पक्षियों के प्रति भी करुणा प्रकट की गई। परिवार की ओर से पंछी बचाओ अभियान% के अंतर्गत पक्षियों के लिए अनाज और नकद राशि दान की गई, ताकि तपती धूप में बेजुबान पक्षियों के लिए दाने-पानी का प्रबंध हो सके।

**एक नजर** | सार्थक संस्था के सदस्य संजय नीमा की माता की स्मृति में 101 पौधे लगाने का संकल्प

## आओ मिलकर सारे आओ पेड़ लगाओ... के नारों से गूंजा महू-नीमच रोड



**मंदसौर। स्थानीय सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज एक भावपूर्ण और पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्य संजय नीमा ने अपनी पूजनीय माता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया।**

इस पुनीत कार्य का शुभारंभ हुआ करते हुए आज सडक किनारे प्रतीकात्मक रूप से 25 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के लिए पौधों का चयन विशेष वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया गया है। चूंकि यह रोपण मार्ग के किनारे किया गया है, इसलिए ऐसे वृक्षों को चुना गया जो न केवल राहगीरों को गहरी छाया प्रदान करें, बल्कि अपने फूलों से मार्ग का सौंदर्य भी बडाएं। आज रोपे गए पौधों में मुख्य रूप से पांच प्रजापतियों को शामिल किया। जिसमें खमेर- तेजी से बड़ने वाला छायादार वृक्ष, बकायन- औषधीय गुणों से भरपूर और घनी छाया देने वाला, मधु कामिनी- सुगंधित फूलों से वातावरण को महकाने वाला अनेक पक्षियों को आकर्षित करने वाला, मंदार और कचनार- अपने आकर्षक फूलों के लिए प्रसिद्ध जिनका रोपण किया गया।

इस अवसर पर सार्थक संस्था की संस्थापक डॉ. उर्मिला तोमर ने कहा कि किसी प्रियजन की स्मृति में वृक्षारोपण करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है, बल्कि आने वाली पीड़ियों के लिए एक बेहतर और सुंदर परिवेश का निर्माण करना भी है। संजय नीमा का यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायी है।

संजय नीमा ने बताया कि माता की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रकृति की सेवा करना उनके लिए आत्मिक शांति का विषय है शेष पौधों का रोपण भी लक्ष्य अनुसार जून के प्रथम सप्ताह में पूरा किया जाएगा। इस आयोजन में सार्थक संस्था से नरेंद्र त्रिवेदी, श्री सौरभ सिंह, श्रीमती रचना दोषी, श्रीमती भारती पाटीदार, श्रीमती विजयलक्ष्मी रघुवंशी, अनंत तारे, डॉ रमेश देवड़ा, डॉ निशा शर्मा, श्रीमती तरुणा दवे, विशेष रूप से अस्वस्थ स्थिति में भी पधारे के एल भावसार, संस्था की संस्थापक डॉ उर्मिला तोमर एवं संजय नीमा के समस्त परिजन और प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे।

# नीमच

## खुले में बिक रही खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा...!




**नीमच।** शहर की सड़कों पर भोर की पहली किरण के साथ दौड़ने वाले वाहन चारों तरफ धुआं के साथ धूलयुक्त वातावरण निर्मित कर रहे हैं। ऐसे में शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों के किनारे सजीं दुकानों पर बिक रही खुली खाद्य सामग्री जनता में बीमारियां परोसने का काम कर रही है। यदि नजर उठाकर देखें तो शहर में चाय-नाश्ता, मिठाइयों के होटलों से लेकर फल-सब्जी की दुकानों पर रखे पदार्थों पर चढ़ी धूल आमजन की सेहत के लिए घातक सिद्ध हो रही है।

प्रदूषित वातावरण में आने वाली खाद्य वस्तुएं खुलेआम बिकने से जन समुदाय में तरह-तरह की बीमारियां पनप रहीं हैं। जनता की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि विभाग ठोस कदम नहीं उठा रहा। यही वजह है कि इसी अनदेखी की वजह से दुकानदार प्रदूषित वातावरण में दूषित खाद्य पदार्थ बेचने से पीछे नहीं हट रहे।

शहर के मुख्य मार्गों, बाज़ारों और गली-मोहल्लों में खुले में बिक रही खाद्य सामग्री (चाट, मिठाई, समोसे, फल) स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। धूल, मक्खियों और प्रदूषण के कारण ये पदार्थ दूषित होकर डायरिया, हैजा, पेट संक्रमण और लीवर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहे हैं।

गर्मी के दिनों में लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा अधिक रहता है। फिर भी शहर के कई स्थानों पर खुले में खाद्य सामग्री को बेचा जा रहा है। जिन्हें ढंककर न रखने के कारण मक्खियां व धूल से खाद्य सामग्री दूषित हो रही है। ऐसे में इनका उपयोग करने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उसके बाद भी जिम्मेदार इन दुकानदारों को समझाइश व कार्रवाई करने की पहल नहीं कर रहे हैं।

शहर की कई दुकानों पर समोसा व आलूबड़ा में उपयोग होने वाले आलू को एक दिन पहले ही पका लिया जा रहा है। दूसरे दिन इसे खाद्य पदार्थों में मिलाकर ग्राहकों को बेच दिया जाता है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण रात में इन आलू में सड़न पैदा हो जाती है। जिससे लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में डॉक्टर बासी और सड़े गले पदार्थों को न खाने की सलाह देते हैं। रेस्टोरेंट और ठेलों पर बिकने वाले खाद्य सामग्री दिनभर वाहनों से उड़ने वाली धूल, गंदगी और रोगाणुओं से भरपूर होती है। शहर में चिलचिलाती धूप में गला तर कराने वाली कई दुकानें सजी दिखाई देंगी। ऐसे में कहीं जूस तो कहीं गन्ने का रस आपको मोह जाल में फांस सकते हैं।

घिसी बर्फ में मिठास देने के लिए चीनी का प्रयोग न कर कैमिकल का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है, इसलिए इसे बच्चों को कदापि न खिलाएं। बादाम शेक, फालूदा या कैमिकल से बने अन रजिस्टर्ड कोल्डड्रिंक्स सीजन शुरू होते ही बिकने लगते हैं। इसी तरह चाट और मिठाइयां भी खुले में बिकती हैं। इससे पेटदर्द, अतिसार हो सकता है।

### भोजन में सावधानी बरतें

वहीं जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एमके पाटील का कहना है कि गर्मी के मौसम में खुले में रखी खाद्य सामग्री, सड़े गले फल, तली हुई वस्तुओं को नहीं खाना चाहिए। इससे अनेक प्रकार की बीमारी हो सकती हैं। पानी अधिक मात्रा में पीएं। वहीं तला भुना कम प्रयोग करें, सड़क पर मिलने वाले खुले सामान का प्रयोग न करें, चायनीज फूड से बचे। वहीं घर के बनें खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल करें, तले भुने भोजन का प्रयोग कम से कम करें।




## रामपुरा में कांग्रेस को झटका, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन

▶ सम्राट दीक्षित के आने से बीजेपी संगठन को मिलेगी मजबूती

**रामपुरा। क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब रामपुरा के वरिष्ठ नेता एवं ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सम्राट दीक्षित ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय दीक्षित ने भाजपा की रीति-नीति और केंद्र सरकार के नेतृत्व से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया।**

भाजपा में शामिल होने के अवसर पर सम्राट दीक्षित ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश की भाजपा सरकार की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित हैं। साथ ही मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू की विकासोन्मुख सोच और क्षेत्र में हो रहे कार्यों ने उन्हें यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा प्रभारी सुभाष पटेल एवं जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल की उपस्थिति में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर नेताओं ने फूल-माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दीक्षित के भाजपा में शामिल होने से रामपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## एक नजर में

### भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग




**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी कुशाभाऊ ठाकरे मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, प्रभारी राकेश पप्पू जैन, मंडल अध्यक्ष किशोरदास बैरागी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमंत हरित एवं मेहर सिंह जाट उपस्थित रहे। वर्ग के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ नेता एवं विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक दिलीप सिंह परिहार, हेमंत हरित, अवंतिका जाट, सज्जन सिंह चौहान, रूपेंद्र जैन एवं भगतराम पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक ढांचे एवं कार्यपद्धति की जानकारी दी। द्वितीय दिवस के समापन सत्र में सांसद सुधीर गुप्ता एवं जिला प्रभारी, पूर्व सांसद सुभाष पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मेहर सिंह जाट द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की जानकारी नियंत्रक शुभम शर्मा द्वारा दी गई।

### भारत विकास परिषद 'सुभाष' शाखा का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**नीमच।** सेवा, संस्कार और समर्पण के ध्येय को आत्मसात करने वाली संस्था भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा का वार्षिक दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय मणिरत्नम रिसॉर्ट के मनोरम परिसर में गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ। आयोजन में जहाँ नई कार्यकारिणी ने समाज सेवा का संकल्प लिया, वहीं अतिथियों ने परिषद के सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता पंडित मनोज कश्यप रहे। कार्यक्रम की विशिष्टता तब और बढ़ गई जब मंच पर अतिथि के रूप में मानव अधिकार आयोग (मध्यप्रदेश) के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती चोपड़ा एवं वरिष्ठ समाजसेवी संतोष चोपड़ा विराजमान हुए। अतिथियों ने माँ भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। संगठन की रीति-नीति के अनुसार, प्रांतीय सचिव और शपथ अधिकारी विनोद काला ने नई कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, महिला प्रमुख श्रीमती संध्या राठी इन मुख्य पदाधिकारियों के साथ ही पूरी कार्यकारिणी ने निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। शपथ विधि के दौरान रीजनल सेवा प्रमुख प्रदीप चोपड़ा, संरक्षक सुनील सिंहल एवं पूर्व अध्यक्ष ललित राठी की उपस्थिति ने नव-नियुक्त टीम का उत्साहवर्धन किया।

**एक नजर** | जैन दिवाकर चौथमलजी महाराज ने 156 राजा-महाराजाओं को पढ़ाया जीव दया और अहिंसा का पाठ

## मुनि-संतों का मंगल प्रवेश, गुरु जैन दिवाकर सामूहिक एकासना दिवस में उमड़े समाजजन



**नीमच।** जगत वल्लभ जैन दिवाकर पूज्य गुरुदेव श्री चौथमल जी मसा की जन्मभूमि नीमच नगर में परम पूज्य आचार्य प्रवर हुक्मीचंदजी मसा की पुण्य स्मृति , मरुधर भूषण पूज्य प्रवर्तक रमेशमुनिजी म.सा की दीक्षा जयंती और मेवाड़ सिहनी, राजस्थान प्रवर्तनी पूज्या महासाध्वी यशकुंवरजी मसा की जन्म जयंती के निमित्त सामूहिक एकासन का आयोजन 12 अप्रैल रविवार को श्रमण संघीय उपाध्याय प्रवर पूज्य गुरुदेव श्री गौतममुनिजी म.सा एवं सेवाभावी वैभवमुनिजी म.सा आदि ठाणा-2 के पावन सानिध्य में श्री जैन दिवाकर युवा संघ के तत्वाधान में किया गया।

उपस्थित जैन समूह को संबोधित करते हुए गौतम मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि संत चलते फिरते तीरथ होते हैं। युवा वर्ग प्रतिदिन सामायिक तप कर धर्म आराधना से जुड़े तो आत्म कल्याण हो सकता है। गुरु आज्ञा श्रेष्ठ मंत्र होती है। संत कलयुग के भगवान होते हैं। जैन दिवाकर गुरु चौथमल जी महाराज साहब की प्रेरणा से मेवाड़ सहित पूरे देश में 156 राजा महाराजाओं ने शिकार का त्याग कर अहिंसा का संकल्प लिया था।



कमजोर मुक प्राणियों को परेशान नहीं करना चाहिए। अच्छे कर्म करेंगे तो सब कुछ अच्छा होता है। साध्वी यश कंवर जी महाराज साहब ने जोगणिया माता मंदिर में बलि प्रथा को रुकवाया और जीव दया का संदेश दिया था। संत का हृदय कठोर और वाणी सरल होती है। अमृत धर्म प्रवचन सभा में वैभव मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि श्री कृष्ण महाराज ने सभी वर्गों के दु:ख दर्द और पीड़ा को समझा इसीलिए वह जगत वल्लभ कहलाए। चौथमल जी महाराज साहब ने भी सभी वर्गों के कल्याण के लिए अहिंसा का अभियान चलाया इसीलिए वे भी जगत वल्लभ कहलाए। जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज साहब ने 54 वेश्याओं को 12 व्रत का धारण करवा कर तप त्यागी श्राविका बनने की प्रेरणा दी थी। सामाजिक एकता के बिना धर्म का विकास नहीं हो सकता है। बंटोगे तो कटोगे, जिनके जीवन में एकता रहती है उनके जीवन में सदैव आनंद रहता है। सामूहिक भजन करने से भी जीवन में आनंद आता है। संगठित रहकर धार्मिक तपस्या करें तो जीवन का कल्याण हो सकता है। नीमच की लाल माटी का कण कण पवित्र है यह माटी रत्न गर्भा है, यहां पर साध्वी रंगु जी महाराज साहब और जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज साहब का जन्म हुआ है जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है। धर्म सभा में शकुंतला गोपावत, रानी राणा, स्वाती लोढ़ा, अलका चोपड़ा, सविता चोपड़ा, आदि ने साधु संतों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किये।